| E |
|---|
| पुस्तिका श्रृंखला |

**21/A/M-2026-01**
**समय : 2 घण्टे 15 मिनिट**
**पूर्णांक : 100**
**प्रश्न-पुस्तिका**
**सामान्य हिन्दी (वस्तुनिष्ठ)**

| उम्मीदवार का अनुक्रमांक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**पुस्तिका क्रम संख्याः** 2000637

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न-पुस्तिका में कुल **100** प्रश्न हैं।
2. **सभी** प्रश्नो के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर दिया गया है। **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
4. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक की जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित श्रृंखला एवं उत्तर पत्रक पर मुद्रित श्रृंखला समान है। कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु एक पृष्ठ (पृष्ठ 16) सहित पूरे 16 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित श्रृंखला में अन्तर तो नहीं है। पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पत्रक में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले, इसी श्रृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रक ले लें।**
5. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर - (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा।
7. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** कोष्ठक इस प्रकार बने हुए हैं - Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** कोष्ठक को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में अंकित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक कोष्ठक में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को अंकित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
8. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
9. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें।

160

1. "वाक्य के उस भाग को, जिसमें एक से अधिक पद परस्पर सम्बद्ध होकर अर्थ तो देते हैं, किन्तु पूरा अर्थ नहीं देते- पदबंध या वाक्यांश कहते हैं।" - उपर्युक्त परिभाषा किस विद्वान के द्वारा दी गई है?

(A) कामता प्रसाद गुरू

(B) हरदेव बाहरी

(C) डॉ. वासुदेव नंदन प्रसाद

(D) भोला नाथ तिवारी

2. अर्थ के अनुसार वाक्य के भेदों में से नहीं है -

(A) विधिवाचक

(B) इच्छावाचक

(C) सूचनावाचक

(D) संदेहवाचक

3. निम्नलिखित में से एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है -

(A) बंदूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है।

(B) श्री कृष्ण के अनेकों नाम हैं।

(C) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं।

(D) कई रेल्वे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

4. उपवाक्य के कितने प्रकार होते हैं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

5. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है :

(A) हम अवश्य ही आएँगे।

(B) इन दोनों में केवल यही अन्तर है।

(C) ऐसी एकाध बातें और देखने में आती हैं।

(D) यह कविता अनेक भाव प्रकट करती है।

6. हंस पद का चिन्ह है।

(A) ^

(B) ^^

(C) ( )

(D) [ ]

7. इनमें से 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची है:

(A) लोकेश

(B) मनीषी

(C) महावीर

(D) विभु

8. अस कहि कुटिल भई उठि ठाढ़ी।

मानहु रोष तरंगिनि बाढ़ी।

(A) रीतिवाचक क्रिया विशेषण उपवाक्य

(B) परिमाण वाचक क्रिया विशेषण उपवाक्य

(C) कालवाचक क्रिया विशेषण उपवाक्य

(D) इनमें से सभी

2000637

9. "मुनि" किसका पर्यायवाची शब्द है?

(A) तापस

(B) मुक्तपुरुष

(C) उपयुक्त दोनो

(D) इनमें से कोई नहीं

10. 'भीषण' का शाब्दिक अर्थ है।

(A) विषम

(B) प्रभाव

(C) आपत्ति

(D) अम्बर

11. "चोर" का पर्यायवाची है।

(A) चाकर

(B) कुम्भिल

(C) उदक

(D) इनमें से सभी

12. विलोम शब्दों का अशुद्ध युगम है-

(A) चिरंतन - नश्वर

(B) तम - अलोक

(C) उत्कर्ष - अनुत्कर्ष

(D) प्राकृतिक - विकृत

13. 'उपमेय' का विलोम शब्द है -

(A) निरूपमेय

(B) अनुपमेय

(C) नि:उपमेय

(D) सउपमेय

14. 'मुक्तहस्त' का विलोम शब्द है।

(A) दानी

(B) मितव्ययी

(C) कंजूस

(D) शाहखर्च

15. "तेजोपुंज" में कौन-सा संधि है?

(A) स्वर संधि

(B) व्यंजन संधि

(C) विसर्ग संधि

(D) इनमें से कोई नहीं

16. गुण संधि का उदाहरण है -

(A) महोत्सव

(B) स्वागत

(C) कपीश

(D) सदैव

200637 200637 200637

17. "व्यंजन संधि" का उदाहरण है -

(A) लघूर्मि

(B) चंद्रोदय

(C) अधोगति

(D) षडानन

18. "गुणवाचक" विशेषण का उदाहरण नहीं है -

(A) जंगल का जानवर

(B) बनारसी साड़ी

(C) बहुत आदमी

(D) स्थानीय लोग

19. "परिमाणवाचक" विशेषण का उदाहरण है -

(A) पूरा आनंद

(B) कुछ पैसे

(C) एक सेर आटा

(D) हमने एक बात सुनी है

20. "यह आदमी विश्वासी है।" वाक्य में कौन-सा विशेषण है ?

(A) गुणवाचक

(B) परिमाणवाचक

(C) सार्वनामिक

(D) संख्यावाचक

21. इनमें से पुल्लिंग शब्द नहीं है -

(A) समूह

(B) फौज

(C) दल

(D) संघ

22. इनमें से स्त्रीलिंग शब्द है -

(A) सरसों

(B) खेत

(C) दौड़

(D) आँख

23. इनमें से पुल्लिंग शब्द है -

(A) दया

(B) माया

(C) क्षमा

(D) गन्ना

24. इनमें में से स्त्रीलिंग शब्द है -

(A) गुलाब

(B) तलाश

(C) हिसाब

(D) कबाब

2000637 2000637 2000637

2000637

25. अशुद्ध बहुवचन शब्द छाँटे -

(A) डिबियाँ

(B) आँखियाँ

(C) गुड़ियाँ

(D) खटियाँ

26. इनमें से कौन-सा शब्द शुद्ध है -

(A) साहेबान

(B) साहिबान

(C) सहबान

(D) साहबान

27. इनमें से कौन-सा युग्म गलत है -

(A) नदी - नदियाँ

(B) तिथि - तिथियाँ

(C) लता - लताँ

(D) लुटिया - लुटियाँ

28. "राजा को भेंट दी गई।" यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है?

(A) सकर्मक क्रिया

(B) अकर्मक क्रिया

(C) भाववाच्य क्रिया

(D) द्विकर्मक क्रिया

29. एक विचार पूर्णतया से प्रकट करने वाले शब्द समूह को कहते हैं -

(A) पदक्रम

(B) पदबंध

(C) वाक्य

(D) सूक्ति

30. वाक्य के मुख्यतः कितने अवयव होते हैं?

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

31. 'सिपाही ने चोर को पकड़ा' यह किस प्रकार का वाक्य है?

(A) प्रधान कर्ता कारक

(B) अप्रधान कर्ता कारक

(C) अप्रत्यय कर्म कारक

(D) करण कारक

32. 'महौदार्य' का संधि विच्छेद है -

(A) महा + उदार्य

(B) महो + उदार्य

(C) महा + औदार्य

(D) महो + औदार्य

33. 'अन्वेषण' का संधि विच्छेद है -

(A) अन् + वेषण

(B) अना + वेषण

(C) अन + एषण

(D) अनु + एषण

34. 'महींद्र' का संधि विच्छेद है -

(A) महि + इन्द्र

(B) महा + इन्द्र

(C) मही + इन्द्र

(D) मह + इन्द्र

35. केवल मनोविकार सूचित करने वाले शब्द कहलाते हैं।

(A) समुच्चयबोधक

(B) विस्मयादिबोधक

(C) संबंधसूचक

(D) सर्वनाम

36. वाक्य के प्रयोग के अनुसार शब्दों के कितने भेद होते हैं?

(A) चार

(B) पाँच

(C) छः

(D) आठ

37. शब्दों का दो रूप - 'रूढ़ तथा यौगिक' किसके अनुसार माना गया है?

(A) व्युत्पत्ति के अनुसार

(B) रूपांतर के अनुसार

(C) प्रयोग के अनुसार

(D) अर्थ के अनुसार

38. इनमें से रूढ़ शब्द है -

(A) पीला

(B) पंकज

(C) झटपट

(D) कतरनी

39. 'गिरिधारी' कैसा शब्द है?

(A) रूढ़

(B) यौगिक

(C) योगरूढ़

(D) इनमें से कोई नहीं

40. 'यशोदा हमारे घर की लक्ष्मी है।' वाक्य में संज्ञा है -

(A) व्यक्तिवाचक

(B) जातिवाचक

(C) समूहवाचक

(D) भाववाचक

2000637 2000637 2000637

41. "हिमालय" किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) जातिवाचक

(B) व्यक्तिवाचक

(C) समूहवाचक

(D) भाववाचक

42. जिस संज्ञा से किसी एक ही पदार्थ व पदार्थों के एक ही समूह का बोध होता है उसे कहते हैं -

(A) जातिवाचक संज्ञा

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(C) द्रव्यवाचक संज्ञा

(D) समूहवाचक संज्ञा

43. प्रयोग के अनुसार सर्वनाम के भेदों में से नहीं हैं

(A) पुरूषवाचक

(B) निश्चयवाचक

(C) सार्वनामिक

(D) संबंध वाचक

44. जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे कहते हैं -

(A) सर्वनाम

(B) विशेषण

(C) कारक

(D) वचन

45. उपयोगिता की दृष्टि से विशेषण के मुख्यतः कितने भेद होते हैं ?

(A) दो

(B) तीन

(C) पाँच

(D) छः

46. इनमें से तत्सम शब्द नहीं है -

(A) सर्वत्र

(B) बहुधा

(C) साथ

(D) साक्षात्

47. विशेषण शब्द नहीं है -

(A) न्यायी

(B) सूखा

(C) समान

(D) जादू

48. अधिकरण कारक में विभक्ति चिन्ह नहीं लगते हैं -

(A) पर

(B) में

(C) दोनो

(D) इनमें से कोई नहीं

49. "सिपाही चोर को रस्सी से बाँधता है"। इसमें कौन-सा कारक है ?

(A) करण कारक

(B) संप्रदान कारक

(C) अधिकरण कारक

(D) कर्म कारक

50. "बंदर पेड़ पर चढ़ रहा है।" इसमें कौन-सा कारक है ?

(A) संप्रदान

(B) संबोधन

(C) अधिकरण

(D) अपादान

51. निम्न से एकवचन है -

(A) तहकीकात

(B) अहकामात

(C) जवाहिरात

(D) अदवियात

52. इनमें से अधिकरण कारक की विभक्तियां हैं -

(A) है, हो

(B) का

(C) को

(D) में

53. आवृत्तिवाचक और आकारांत परिमाणवाचक विशेषणों का रूपांतरण कहलाता है-

(A) संख्यावाचक विशेषण

(B) अपूर्णांक विशेषण

(C) संस्कृत क्रमवाचक विशेषण

(D) इनमें से सभी

54. 'उन्होंने मुझे रहने को कहा और आप चलते बनें' इनमें से कौन-सा सर्वनाम है ?

(A) निश्चयवाचक सर्वनाम

(B) निजवाचक सर्वनाम

(C) संयुक्त सर्वनाम

(D) इनमें से सभी

55. "कश्मीरी सेब सिंदूरी लाल होता है" इनमें से विशेषण है -

(A) गुणवाचक

(B) संख्यावाचक

(C) परिमाणबोधक विशेषण

(D) प्रविशेषण

56. 'रोटी मत खाओ, क्योंकि वह जली है' इनमें से सर्वनाम है -

(A) संबंधवाचक सर्वनाम

(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम

(D) इनमें से कोई नहीं।

2000637
2000637
2000637

2000637 2000637 2000637

57. "सेर भर दूध" में कौन-सा विशेषण है ?

(A) संख्यावाचक विशेषण

(B) गुणवाचक विशेषण

(C) निश्चित परिमाणबोधक विशेषण

(D) अनिश्चित परिमाणबोधक विशेषण

58. प्रविशेषण को और किस नाम से जाना जाता है ?

(A) अंतर्विशेषण

(B) विधेय-विशेषण

(C) तुलनात्मक विशेषण

(D) इनमें से कोई नहीं।

59. इनमें से उत्तरावस्था तुलनात्मक विशेषण है -

(A) घोषबाबू घनश्याम से अधिक समझदार है

(B) हमारे कालेज में नगेंद्र सबसे अच्छा खिलाड़ी है

(C) हरि श्याम से भी अधिक बड़ा है

(D) इनमें से सभी।

60. "राजराज" इनमें से किसका पर्यायवाची है ?

(A) कुबेर

(B) गणेश

(C) गंगा

(D) इंद्र

61. वागीशा का पर्यायवाची है

(A) सरस्वती

(B) समुद्र

(C) गंगा

(D) स्त्री

62. पुष्प का पर्यायवाची है

(A) प्रसुन

(B) दामिनी

(C) चंचला

(D) विहग

63. कुबेर का पर्यायवाची है

(A) यक्षराज

(B) भवानीनंदन

(C) देवापागा

(D) इनमें से सभी।

64. इनमें से विपरीतार्थक शब्द है -

(A) उत्कर्ष - अपकर्ष

(B) एकतंत्र - स्वतंत्र

(C) एकत्र - एकाकी

(D) इनमें से सभी।

2000637

65. जंगम का विपरीतार्थक शब्द है ?

(A) स्थावर

(B) चेतन

(C) निर्माण

(D) अदेय

66. आर्द्र का विपरीतार्थक शब्द है -

(A) शुष्क

(B) सुधा

(C) अंत्य

(D) बाह्य

67. देवता का पर्यायवाची शब्द है -

(A) बल्लभ

(B) उर्वी

(C) गीर्वाण

(D) समीरण

68. दाँत काटी रोटी-मुहावरे का अर्थ है -

(A) खीस काढ़ना

(B) गहरी दोस्ती

(C) बोलने से रोकना

(D) इनमें से सभी।

69. आँख का अंधा नाम नयनसुख-मुहावरे का अर्थ है

(A) मूर्ख धनवान

(B) गुण के विरुद्ध नाम होना

(C) नाम अच्छा होना

(D) इनमें से सभी।

70. रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन

(B) चार

(C) दो

(D) पाँच

71. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(A) छः

(B) पाँच

(C) चार

(D) आठ

72. चाल का अर्थ निम्नलिखित में से नहीं है

(A) गति

(B) चरित्र

(C) छल

(D) कोई नहीं।

2000637

73. बढ़ना का अर्थ है

(A) उन्नत होना

(B) बुझाना

(C) अधिक होना

(D) इनमें से कोई नहीं।

74. जो व्याकरण जानता है - वह कहलाता है

(A) वैयाकरण

(B) व्याकरणाचार्य

(C) विद्वान

(D) सभी

75. जो लोक में संभव न हो

(A) अलौकिक

(B) लौकिक

(C) परलौकिक

(D) इनमें से सभी।

76. जो सब को समान भाव से देखें - वह कहलाता है

(A) समदर्शी

(B) समानदर्शी

(C) सम सामयिक

(D) कोई नहीं।

77. उगना का अर्थ नहीं है

(A) प्रकाशित होना

(B) निकल आना

(C) प्रकट होना

(D) इनमें से सभी।

78. "अंधा बनाना" मुहावरे का सही अर्थ है

(A) विवेक भ्रष्ट होना

(B) धोखा देना

(C) अन्याय करना

(D) इनमें से कोई नहीं।

79. जीर्ण का विपरीत अर्थ होगा

(A) अजीर्ण

(B) मरण

(C) मृत

(D) सभी

80. द्रुत का विलोम होगा

(A) सद्भावना

(B) तुरंत

(C) मंथर

(D) शोक

81. प्राची का विशेषण होगा

(A) प्राचीन

(B) प्राच्य

(C) प्रारंभ

(D) पुराना

82. अशुद्ध का समानार्थी अर्थ है -

(A) दूषित

(B) अशुचि

(C) मलिक

(D) पुराना

83. अवज्ञा का समानार्थी अर्थ है -

(A) अनादर

(B) अवमानना

(C) अपमान

(D) इनमें से कोई नहीं।

84. प्राचीर का समानार्थी अर्थ है -

(A) चारदीवारी

(B) परकोटा

(C) शहरपनाह

(D) इनमें से सभी।

85. लड़का मिठाई लेकर भागता हुआ घर आया में शुद्ध वाक्य कौन-सा है?

(A) लड़का मिठाई लेकर घर आया

(B) लड़का मिठाई लेकर दौड़ता हुआ घर आया

(C) लड़का मिठाई लेकर भागता घर आया

(D) लड़का मिठाई लेकर दौड़ता हुआ आया।

86. मैं इसका वह अर्थ नहीं लगाता, जो कि आप लगाते हैं। इसमें शुद्ध वाक्य होगा

(A) मैं इसका यह अर्थ नहीं लगाता जो कि आप लगाते हैं

(B) मैं इसका वह अर्थ नहीं लगाता जो कि आप लगाते हैं

(C) मैं इसका वह अर्थ नहीं लगाता हूँ जो कि आप लगाते हैं

(D) मैं इसका वह अर्थ लगाता हूँ जो कि आप नहीं लगाते हैं।

87. "हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं" इसमें शुद्ध वाक्य होगा

(A) हमारे शिक्षक प्रश्न करते हैं

(B) हमारे शिक्षक प्रश्न पूछते हैं

(C) हमारे शिक्षक प्रश्न नहीं पूछते हैं

(D) हमारे शिक्षक प्रश्न नहीं करते हैं।

2000637

88. वाच्य कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

89. "मैंने खाना खाया और मेरी भूख मिट गई" यह कैसा वाक्य है ?

(A) सरल वाक्य

(B) मिश्रित वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) उपर्युक्त सभी।

90. विदेश का या विदेश में होने वाला के लिए एक शब्द होगा

(A) वैदेशिक

(B) विदेशी

(C) स्वदेशी

(D) उपर्युक्त सभी।

2000637

2000637

2000637

91. नित्य दीन - दु:खियों को भोजन देने की व्यवस्था के लिए एक शब्द होगा

(A) सत्यव्रत

(B) सत्यावार्त

(C) सदावर्त

(D) संकर

92. किसी काम में दूसरे से आगे बढ़ जाने की इच्छा के लिए एक शब्द होगा

(A) स्पर्द्धा

(B) स्थापन्न

(C) स्थावर

(D) इनमें से कोई नहीं।

93. असूया का विपरीतार्थक शब्द है

(A) अनसूया

(B) अनुसूया

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं।

94. संख्यावाचक विशेषण को कितने भागों में बांटा गया है ?

(A) एक

(B) चार

(C) पाँच

(D) तीन

95. "बच्चे उधम मचा रहे हैं" - का शुद्ध रूप होगा

(A) बच्चे उधम मचा रहे हैं

(B) बच्चे ऊधम मचा रहे हैं

(C) बच्चे उत्पात मचा रहे हैं

(D) उपर्युक्त सभी।

96. अड़सठ का तत्सम रूप होगा

(A) अष्ठादश

(B) अष्ठ

(C) अष्टाजष्टि

(D) अष्टापंचाशत

97. उल्लू का तत्सम रूप होगा

(A) उलूक

(B) उद्धर्तन

(C) उद्धालन

(D) उपालंभ

98. युवान का तद्भव रूप है

(A) जवान

(B) जीवन

(C) युवावस्था

(D) इनमें से कोई नहीं।

99. जिसके पास कुछ न हो - के लिए एक शब्द होगा

(A) अकिंचन

(B) किंचन

(C) औकिंचित

(D) उपर्युक्त सभी।

100. "अंचल" का समानार्थी शब्द है

(A) आंचल

(B) पल्ला

(C) पल्लू

(D) क्षेत्र।

2000637 2000637 2000637